बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

शिक्षा भवन, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् कैम्पस, आचार्य शिवपूजन सहाय पथ, सैदपुर, पटना–800004 (दूरभाषः–0612–2910314)

कॉर्पोरेट पहचान संख्याः U80301BR2011SGC015859, e-mail: bseidc@gmail.com, website; www.bseidc.in, Fax No.: 0612-2660256

पत्रांकः– BSEIDC/TECH/ 13।7/2017 – 2863 पटना, दिनांक 12.04.17

प्रेषक,

केदार सिंह

मुख्य अभियंता

सेवा में,

मेसर्स जगदम्बा कंस्ट्रक्शन,
बलुआ चौक, मोतिहारी,
बिहार, पिन कोड– 845401

विषयः– **तिरहुत पश्चिमी प्रमंडल के जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत उत्कमित माध्यमिक विद्यालय ग्रुप सं०–**USS-43 **का एकरारनामा सं०–**68 SBD/2012-13 **दिनांक–08. 11.2012 को** SBD **के Clause of Contract के कंडिका 3 (iii), (iv), (v)** एव **(vii)(a) तथा** Clause 14(iii) एवं (xb) **के तहत एकरारनामा को संवेदक के** Risk & Cost **पर विखंडित (Rescined) करने एवं** Deposit **राशि जब्त करने के संबंध में।**

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–BSEIDC/TECH/979/2016-6457, दिनांक–11.07.16 तथा कार्यपालक अभियंता तिरहुत पश्चिमी प्रमंडल का पत्रांकः–868 दिनांकः–12.11.16, पत्रांक :– 909 दिनांकः– 07.12.16 तथा पत्रांकः– 178 दिनांकः–22.02.17

महाशय,

उपर्युक्त वर्णित कार्य को पूर्ण करने की अवधि 12 (बारह) माह निर्धारित थी। लगभग 04 (चार) साल का समय बीत जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं कार्य काफी समय से बंद है।

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों के द्वारा ससमय कार्य पूर्ण करने के लिए बार–बार निदेशित किया जाता रहा है, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका है।

1. इस कार्यालय के पत्रांक–979 दिनांक–11.07.16 द्वारा ससमय कार्य पूर्ण नही करने के कारण संवेदक को Debar किया जा चुका है।
2. कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पश्चिमी) प्रमंडल के पत्रांक –868, दिनांक–12.11.16 द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने तथा कार्य काफी समय से बंद रहने के कारण स्पष्टीकरण पूछा गया।
3. कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पश्चिमी) प्रमंडल के पत्रांक–909 दिनांक–07.12.16 द्वारा बंद कार्य को संवेदक द्वारा प्रारंभ नही करने तथा कारण पृच्छा को असंतोषजनक पाये जाने के कारण पुनः कारण पृच्छा की गई।
4. कार्यपालक अभियंता, तिरहुत (पश्चिमी) प्रमंडल के पत्रांक–178, दिनांक–22.02.17 द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण बाध्य होकर एकरारनामा को विखंडित (Rescined) करने हेतु अनुशंसा की गई है।

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों द्वारा ससमय कार्य पूर्ण करने के लिए आपको बार–बार अनुरोध/निदेशित किया जाता रहा है, परन्तु आपके द्वारा ससमय कार्य करने में कोई रूचि नहीं ली गयी।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं जनहित, लोकहित एवं कार्यहित में संविदा के कंडिका 3(iii),(iv) एवं,(v),14(iii) एवं 14X(b) के अंतर्गत Contract Agreement संख्या 68 SBD of 2012-13 दिनांक–08.11.2012 को तत्काल प्रभाव से संवेदक के Risk and Cost पर विखंडित (Rescined) किया जाता है। साथ ही संवेदक के विरूद्ध Contract के कंडिका 3(vii)(a) के तहत Earnest Money Deposit, Security Deposit तथा Performance Guarantee जब्त की जाती है तथा संविदा के अन्य सुसंगत कंडिकाओं के अधीन अन्य कार्रवाई की जायेगी।

07/04/17

मुख्य अभियंता